अनुसार हिमाचल प्रदेश के मनाली शहर में, जो एक महत्वपूर्ण पर्यटन-स्थल है, एस०टी०डी० सुविधा प्रदान कर दी गई है; और

(ख) यदि नहीं, तो इसमें विलम्ब के क्या कारण हैं और मनाली में यह सुविधा कब तक उपलब्ध करा दिये जाने की संभावना है?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) मनाली में अभी तक एसटीडी सुविधा प्रदान नहीं की गई है। 8.12.92 को राज्य सभा के प्रश्न सं० 2215 के उत्तर में मनाली में एसटीडी सुविधा परदान किए जाने के बारे में कोई आश्वासन नहीं दिया गया।

(ख) मनाली से कुल्लु के बीच विश्वसनीय संचारण माध्यम आप्टिकल फाइबर केबिल के माध्यम से प्राथमिकता आधार पर संस्थापित किया जा रहा है जिसके जून, 1993 तक चालू हो जाने की आशा है। उसके बाद मनाली को एसटीडी से जोड़ना व्यवहार्य हो सकेगा।

Setting up of Telecom Network in Industrial Areas

3183. SHRI SHANTI TYAGI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Department of Telecommunications (DOT) has decided to allow the State Governments to set up telecommunications network in industrial areas and connect them to the national telecom network; and

(b) if so, what are the details thereof and by when this new scheme will come into operation?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P.V. RANGAYYA NAIDU): (a) and (b) There is an existing scheme that whenever a big industrial area or a colony is to be set up by the State Government they may provided all the network inside that area and provide telephones after establishing a telephone exchange. They can be given junction lines from DOT.

प्रशिक्षण के अभाव में बेकार पड़े कम्प्यूटर

3184. **चौधरी हरमोहन सिंह**: क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय के अधीन उपक्रमों/बोर्डों तथा अन्य कार्यालयों में खरीदे गए कम्प्यूटर खराब पड़े हुए हैं और कर्मचारियों को प्रशिक्षण के अभाव में कम्प्यूटरों का उपयोग नहीं हो रहा है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने कम्प्यूटर खरीदे गए और उन पर कितना व्यय किया गया;

(घ) कितने कर्मचारियों को कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिया गया है; और

(ङ) इस सम्बंध में उपक्रम-वार, बोर्ड एवं कार्यालय-वार ब्यौरा क्या है?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी०रंगैया नायडू) : (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

राजस्थान में इलैक्ट्रानिक केन्द्रों की स्थापना

3185. **श्री मूलचन्द मीणा**: क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 31 अक्तूबर, 1992 की स्थिति के अनुसार राजस्थान के जिन-जिन जिलों में इलैक्ट्रानिक टेलीफोन केन्द्र स्थापित किए जा चुके हैं उनका ब्यौरा क्या है;

(ख) बाकी जिलों में इलैक्ट्रानिक टेलीफोन केन्द्र कब तक स्थापित कर दिये जाएंगे; और

(ग) इस परियोजना के अधीन विभिन्न चरणों में कितना-कितना व्यय किए जाने का प्रस्ताव है?

संचार मंत्रालय में उपमंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू): (क) राजस्थान के सभी जिलों में कई इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं। जिनके ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं। **[नीचे देखिए]**

(ख) सभी जिलों में इलैक्ट्रानिक एक्सचेंज पहले से ही स्थापित हैं।

(ग) उपर्युक्त (ख) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न